किसानों से जानिए कैसा रहा पंजाब बासमती 7 की खेती का अनुभव?

पिछले साल पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पीएयू), लुधियाना ने बासमती की एक नई किस्म — पंजाब बासमती 7 — विकसित की थी। पी ए यू ने इसकी सिफारिश पंजाब के सभी बासमती लगाने वाले इलाकों के लिए की थी।

पंजाब बासमती 7 को खुशबूदार किस्म बासमती 386 और पूसा बासमती 1121 से मिला के विकसित किया गया था। इसमें तेज़ सुगंध है।

इसका औसत कद 111 सैंटीमीटर है और रोपाई के बाद यह 101 दिन में कटाई के लिए तैयार हो जाती है। पी ये यू ने पंजाब बासमती 7 की औसत उपज 19 क्विंटल प्रति एकड़ बताई थी।

तो कैसा रहा पंजाब बासमती 7 की खेती का अनुभव? सुनिए पंजाब के ज़िला रोपड़ के माहलां गांव के किसान अमरिंद्र सिंह की ज़ुबानी: "मैं अमरिंद्र सिंह गांव माहलां, ज़िला रोपड़ का रहने वाला हूं। पिछले साल मैंने पंजाब बासमती 7 की बीज कृषि विज्ञान केंद्र, रोपड़ से लिया था और अपने खेतों में इसे लगाया।"

"यह बीज किसानों के हक में है क्योंकि इसका कद बहुत छोटा है। पूसा बासमती 1121 से इसका कद छोटा है। इसकी उपज 18 से 21 क्विंटल प्रति एकड़ तक आता है। साथ ही इसका चावल खाने में बड़ा ज़ायकेदार है और इसमें खुशबू है। पिछले साल इस का भाव 1121 किस्म से 250 रुपये प्रति क्विंटल कम रहा। इस बार उम्मीद करते हैं कि किसानों को इसका भाव अच्छा मिले।"